**प्रेस विज्ञप्ति**

**29 अगस्त 2025**

# असम में हरित ऊर्जा परियोजना
# वित्तपोषण के लिए जेबीआईसी से पीएफसी को 60 बिलियन जेपीवाई का ऋण

**नई दिल्ली:** पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), भारतीय विद्युत क्षेत्र का एक महारत्न पीएसयू और अग्रणी एनबीएफसी, ने जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ 60 बिलियन जेपीवाई के एक ऐतिहासिक ऋण करार पर हस्ताक्षर किए हैं। यह करार न केवल भारत और जापान के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि संधारणीय विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

यह वित्तपोषण, जेबीआईसी की "ग्लोबल एक्शन फॉर रीकन्साइलिंग इकनॉमिक ग्रोथ एंड एनवायर्नमेंटल प्रिजर्वेशन (ग्रीन)" पहल के अंतर्गत आता है, जिसमें सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन और अन्य जापानी बैंकों से सह-वित्तपोषण सहायता भी शामिल है।



ऋण करार पर 29 अगस्त 2025 को जेबीआईसी मुख्यालय, टोक्यो, जापान में श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफसी और श्री नोबुमित्सु हयाशी, गवर्नर, जेबीआईसी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर श्री संदीप कुमार, निदेशक (वित्त), पीएफसी, सुश्री जसनीत गुरम, कार्यपालक निदेशक (वित्त), पीएफसी, श्री काजुनोरी ओगावा, सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर, जेबीआईसी, श्री हिरोयुकी सुजुकी, डायरेक्टर जनरल, न्यू एनर्जी एंड पावर फाइनेंस डिपार्टमेंट ॥, श्री अत्सुकी शिबुया, डिप्टी डायरेक्टर जनरल, न्यू एनर्जी एंड पावर फाइनेंस डिपार्टमेंट ॥ भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, इस डील को निष्पादित करने के लिए, श्री राजीव कन्नन, मैनेजिंग एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, हैड ऑफ इंडिया डिवीजन, एसएमबीसी की उपस्थिति में सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन के साथ ऋण के लिए एक अतिरिक्त करार का आदान-प्रदान किया गया।

यह ऋण असम बायो इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड के असम में अग्रणी दूसरी जनरेशन जैव-इथेनॉल और रसायन संयंत्र की स्थापना में सहायता करेगा। यह परियोजना, जो बांस को फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करती है, स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अपने नवोन्मेषी वित्तीय समाधानों, उद्योग सहयोगों और सुदृढ़ साझेदारियों के साथ, पीएफसी भारत की ऊर्जा और उससे जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के वित्तपोषण, प्रोत्साहन और गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस परियोजना में कंपनी की भागीदारी देश के ऊर्जा परिवर्तन को गति देने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**ह/-**
**(एस.एस. राव)**
**मुख्य महाप्रबंधक (जनसंपर्क)**